संपादकीय

# आमदनी गिरने की कहानी

2019-20 में तीन करोड़ 57 लाख 52 हजार 260 व्यक्ति ऐसे थे, जिन्होंने आय कर का भुगतान किया था। पिछले 31 मार्च को पूरे वित्त वर्ष में हाल यह रहा कि आय कर चुकाने वाले लोगों की संख्या दो करोड़ 23 लाख 93 हजार 891 पर सीमित रही।

वित्त वर्ष 2022-23 के आय कर रिटर्न के आंकड़ों ने चौंकाया तो नहीं है, लेकिन इस बात की एक बार पुष्टि जरूर की है कि देश में लोगों की आमदनी का स्तर संभल नहीं रहा है। जिस समय दुनिया सबसे गति से भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ने के अनुमानों को लेकर देश में खुशफहमी का माहौल है, आय कर रिटर्न के आंकड़े हकिकत से हमारा सामना कराते हैं। कोरोना महामारी की मार पड़ने के तीन साल बाद आलम यह है कि 2019-20 की तुलना में असल आय कर चुकाने वाले लोगों की संख्या आज भी तकरीबन एक करोड़ कम बनी हुई है। 2019-20 करोना महामारी के पहले का आखिरी वित्त वर्ष था। उस साल तीन करोड़ 57 लाख 52 हजार 260 व्यक्ति ऐसे थे, जिन्होंने आय कर का भुगतान किया था। पिछले 31 मार्च को पूरे वित्त वर्ष में हाल यह रहा कि आय कर चुकाने वाले लोगों की संख्या दो करोड़ 23 लाख 93 हजार 891 पर सीमित रही।

इस बीच की अवधि इस बात का भी खूब शोर रहा है कि आय कर रिटर्न भरने वालों की संख्या बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी के विकास और अर्थव्यवस्था को औपचारिक रूप देने की सरकार की कोशिशों के बीच ऐसा सचमुच हुआ है, लेकिन जो लोग असल में टैक्स चुकाते हैं, उनकी संख्या में वैसा कोई उछाल नहीं देखा गया है। अगर देश के विभिन्न हिस्सों से चुकाए गए आय कर पर गौर करें, तो आमदनी क्षेत्रीय विषमता की भी कहानी इन आंकड़ों से सामने आती है। तो हकीकत यह है कि 140 करोड़ की आबादी में देश में सिर्फ लगभग सवा दो करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी सालाना आमदनी पांच लाख रुपए (डिडक्शन की गणना करें, तो मोटे तौर पर सात लाख रुपए) तक पहुंचती है। जिस देश में दो प्रतिशत से भी आबादी की आय औसतन 50 हजार या उससे ऊपर हो, वह सचमुच कितनी बड़ी आर्थिक शक्ति होने का दावा करने की स्थिति में है- इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। अफसोसनाक यह है कि देश में आम जन की आय कैसे बढ़े, यह सवाल फिलहाल राष्ट्रीय एजेंडे में भी कहीं नहीं है।

# 132वां डूरंड कप : एशले के गोल की मदद से जमशेदपुर ने लीग में हासिल की पहली जीत

**कोलकाता।** एशले कोली के हेडर के दम पर जमशेदपुर एफसी ने गुरुवार को यहां मोहन बागान मैदान में ग्रुप बी मैच में भारतीय नौसेना फुटबॉल टीम (आईएनएफटी) को 1-0 से हराकर 132वें डूरंड कप में अपनी पहली जीत हासिल की।

एशले, जो मैच में असाधारण खिलाड़ी थे, ने 70वें मिनट में मैच का सबसे महत्वपूर्ण गोल किया।

चूंकि यह ग्रुप बी में है, मुंबई सिटी छह अंकों के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है और जमशेदपुर अब तीन अंकों के साथ मोहम्मडन स्पोर्टिंग में शामिल हो गया है, इस ग्रुप में अंतिम मुकाबला दिलचस्प होगा।

मैनेजर स्टीवन डायस ने अपनी अंतिम एकादश में छह बदलाव किए, जो कि अपने आखिरी मैच में मुंबई सिटी एफसी से 0-5 से हार गई थी। उन्होंने मुंबई के खिलाफ खेल में 4-3-3 के बजाय दो विंगर्स को आगे रखकर रणनीति भी बदल दी।

नौसेना के कोच अभिलाष नायर ने सिर्फ एक बदलाव करते हुए अपने कीपर मोहित सिंह की जगह आयुष जेना को शामिल किया, लेकिन अंततः मोहित सिंह को खेलना पड़ा क्योंकि दूसरे हाफ में चोट लगने के कारण वह लडख़ड़ा कर बाहर हो गए।

शुरुआत से ही यह ओपन एंड-टू-एंड फुटबॉल था, जिसमें एशले और साधु मरांडी ने रेड माइनर्स के लिए शानदार इरादे दिखाए, जबकि अनुभवी पी.एम. ब्रिटो और पिंटू महता भारतीय नौसेना के लिए मुख्य खतरा थे। पहला उचित मौका जमशेदपुर के कप्तान एस.के. को मिला। खेल के 26वें मिनट में साहिल मो. असीम सिंह के दाहिने फ्लैंक से एक अद्भुत भारित क्रॉस साहिल के लिए एक फ्री हेडर में बदल गया, लेकिन मोहन बागान के पूर्व मिडफील्डर इसे लक्ष्य पर नहीं रख सके। 35वें में, नेवी विंग-बैक नवजोत सिंह ने जमशेदपुर हाफ के बाहर एक ढीली गेंद पकड़ ली और बाएं पैर के बल्लेबाज को आउट कर दिया, जिसके पास ताकत थी लेकिन दिशा की कमी थी।

फिर 40वें मिनट में, प्रदेश को बॉक्स के अंदर तेजतर्रार एशले को गिराने के लिए दोषी ठहराया गया। परिणामी पेनल्टी को नेवी कीपर रॉबिन्सन ने बचा लिया, जिसका कुल मिलाकर अच्छा मैच था। यह टूर्नामेंट का पहला पेनल्टी बचाव था और इसका फायदा जमशेदपुर के चावंगथु को मिला।

नेवी ने पहले हाफ को 64% कब्जे के साथ समाप्त किया और खेल को 62% के साथ समाप्त किया जा सकता था, हालांकि, अंत में इसका ज्यादा महत्व नहीं रहा।

दूसरे हाफ का पहला अच्छा मौका भी 56वें मिनट में रेड माइनर्स को मिला, जब एशले ने बायीं ओर से अपने एक शानदार हमले के बाद, आसेम को बॉक्स के अंदर दौड़ते हुए पाया, लेकिन छोटे फारवर्ड ने बेवजह एक फ्री हेडर को गलत दिशा दे दी। हाथ मिलाने की दूरी से, रॉबिन्सन की दया पर।स्टीवन डायस के अविश्वास के कारण, असेम ने लगभग 10 मिनट बाद उसी प्रदाता से इसे फिर से किया, हालांकि इस बार लक्ष्य से दूरी थोड़ी अधिक थी। स्टीवन डायस के पास बहुत कुछ था और उन्होंने तुरंत उनकी जगह लैशराम मीतेई को ले लिया।

इसके बाद 70वें मिनट में एश्ले की ओर से गोल हुआ, जो इसके हकदार थे। चॉंगथु, जो पहले पेनल्टी चूक गए थे, ने कॉर्नर लिया और उनके फ्लोटर को सुदूर पोस्ट पर रोसांगज़ुआला ने वापस छह-यार्ड बॉक्स की ओर डाल दिया, जो फ्लैग किक के लिए डिफेंस से आए थे। एशली उछलती गेंद का सामना करने के लिए उठी और रॉबिन्सन को हेडर से हरा दिया।

# केएल राहुल की जगह तिलक को मिली टीम में जगह, एशिया कप को लेकर इस दिग्गज ने चुनी टीम



**नई दिल्ली।** एशिया कप के आगाज में महज 15 दिन से भी कम का समय बाकी रह गया है. वर्ल्ड कप से पहले इस टूर्नामेंट को टीम एक परीक्षा के तौर पर देखेगी. ऐसे में खिलाड़ी और क्रिकेट फैंस टीम ऐलान का बेसब्री से इंतजार कर रहे है. जिसको लेकर अब टीम इंडिया के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने एमएसके प्रसाद और संदीप पाटिल के साथ मिलकर एशिया कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का चयन किया है.

टीम में नंबर चार की पोजिशन पर रवि शास्त्री ने केएल राहुल के बजाये तिलक वर्मा को चुना है. राहुल चोटिल होने के चलते फिलहाल टीम से बाहर चल रहे है. हालांकि राहुल और अय्यर पिछले कुछ दिनों से एनसीए में प्रैक्टिस कर रहे है. इसके अलावा रवि शास्त्री ने संदीप पाटिल और एमएसके प्रसाद के साथ मिलकर एशिया कप के लिए जिन खिलाड़ीयों को टीम में चुना है. उसमें सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर को भी उन्होंने शामिल किया है.

इसके साथ ही 3 प्रमुख तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह भी टीम का हिस्सा बनाये गये है. वहीं स्पिन पर नजर डाले तो इसमें 4 बॉलर को जगह दी गयी है. जिसमें आलराउंडर जड़ेजा और अक्षर पटेल को शामिल किया गया है. जबकि गेंदबाज चहल और कुलदीप यादव को भी शामिल किया गया है.

शुभमन गिल, ईशान किशन, विराट कोहली, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह.

# स्कोडा ऑटो का चाकन सुविधा से एक्सपोर्ट 6,00,000 इकाइयों के पार



**नईदिल्ली।** स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की पुणे स्थित चाकन सुविधा से कार निर्यात करने का आकंड़ा 6,00,000 इकाइयों के पार पहुंच गया है।

एसएवीडब्ल्यूआईपीएल, जर्मन ऑटोमोटिव विनिर्माण फॉक्सवैगन समूह की भारतीय अनुषंगी कंपनी है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी पीयूष अरोड़ा ने कहा, '' भारत से निर्यात हमारी वैश्विक रणनीति का अभिन्न हिस्सा है। 6,00,000 इकाइयों का आंकड़ा पार करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारत की रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और यहां की इंजीनियरिंग क्षमताएं हमारे बढ़ते निर्यात की कुंजी रही है।'' फॉक्सवैगन समूह ने 2011 में भारत से निर्यात शुरू किया था।

शूटिंग विश्व चैंपियनशिप

# भारत ने बाकू में पुरुष एयर पिस्टल टीम में कांस्य पदक के साथ शुरुआत की



**नई दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजों ने अजरबैजान की राजधानी बाकू में अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व चैम्पियनशिप (सभी स्पर्धाओं) में अपने अभियान की शुरुआत पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम प्रतियोगिता में कांस्य पदक के साथ की।

शिव नरवाल, सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने संयुक्त रूप से 1734 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक विजेता चीन (1749) और रजत विजेता जर्मनी (1743) को पीछे छोड़ दिया। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि चीन ने उस दिन एयर पिस्टल व्यक्तिगत दोनों स्वर्ण पदक जीते और वर्तमान में चार स्वर्ण पदकों के साथ लीडरबोर्ड में शीर्ष पर है।

व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में, शिव सर्वश्रेष्ठ भारतीय फिनिशर थे, जिन्होंने क्वालीफिकेशन में 579 अंक हासिल कर 17वां स्थान हासिल किया। वह तीन अंकों से फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए। सरबजोत 578 के साथ एक स्थान पीछे थे जबकि अर्जुन चीमा 577 के क्वालीफाइंग राउंड स्कोर के साथ 26वें स्थान पर रहे।

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत प्रतियोगिता में, ईशा सिंह 572 का स्कोर करके 32वें स्थान पर रहीं और चार अंकों से क्वालीफिकेशन से चूक गईं। पलक 570 के स्कोर के साथ 40वें स्थान पर रहीं जबकि दिव्या टी.एस. 566 के स्कोर के साथ, कुल मिलाकर 66वें स्थान पर रहे।

# नीलामी के बाद 10 साल वाला नया बॉन्ड बनेगा बेंचमार्क



**नईदिल्ली।** दस वर्षीय नया बॉन्ड (7.18 फीसदी, 2033) चार और नीलामी के बाद बेंचमार्क बॉन्ड बन सकता है। इसका प्रतिफल मोटे तौर पर स्थिर है और वॉल्यूम 50,000 करोड़ रुपये पर पहुंचने वाला है।

सरकार ने 14,000 करोड़ रुपये के नए 10 वर्षीय बॉन्ड बेचे, जिसकी बाजार में अच्छी मांग रही। डीलरों ने कहा कि नीलामी में इसके पहले इश्यू का ज्यादातर हिस्सा सरकारी बैंकों ने खरीदा।

एक सरकारी बैंक के डीलर ने कहा, नया 10 वर्षीय बॉन्ड (7.18 फीसदी, 2033) अगली तीन से चार नीलामियों में बेंचमार्क बन जाएगा क्योंकि 7.26 फीसदी वाले 2033 बॉन्ड उतारे जाने के समय के मुकाबले उतारचढ़ाव अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने कहा, हर कोई नए बॉन्ड में हाथ आजमाना चाहता है और चार नीलामियों में वॉल्यूम आदि इतना अच्छा हो जाएगा कि उसे बेंचमार्क माने जाने पर विचार कर लिया जाएगा।

नए 10 वर्षीय बॉन्ड की कूपन दर हालांकि मौजूदा बेंचमार्क 10 वर्षीय बॉन्ड के प्रतिफल के मुकाबले 1 आधार अंक कम तय की गई थी, लेकिन नए बॉन्ड ने आरबीआई के नेगोशिएटेड डीलिंग सिस्टम ऑर्ड मैचिंग प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग चार्ट में तेजी से दूसरे पायदान पर जगह बना ली।

एक अन्य सरकारी बैंक के डीलर ने कहा, नीलामी में कुल मिलाकर मांग हालांकि पिछले वर्षों की तरह नहीं थी। साथ ही बाजार के लिए कोई नया संकेतक भी नहीं था। उन्होंने कहा, लेकिन यह देखते हुए कि यह 10 वर्षीय बॉन्ड है, द्वि?तीयक बाजार में वॉल्यूम ने जल्दी ही जोर पकड़ लिया।

नए 10 वर्षीय बॉन्ड और मौजूदा बेंचमार्क बॉन्ड के बीच स्प्रेड 2 आधार अंक बढ़ा है। मौजूदा बेंचमार्क बॉन्ड ने अपने पूर्ववर्ती 7.26 फीसदी 2032 की जगह लेने में सामान्य से ज्यादा वक्त लिया था, जिसकी वजह सीमित ट्रेड वॉल्यूम थी। कुछ वजहों से बॉन्ड का वॉल्यूम कम रहा था। 3 फरवरी को पहला इश्यू जारी किए जाने के बाद करीब दो महीने में हुई चार नीलामी में कुल 52,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड जारी किए गए। इसका कारण सरकार का वित्त वर्ष 2022-23 का उधारी कार्यक्रम था, जो 24 फरवरी को समाप्त हो गया।

# ग्लोबल मार्केट में बिकवाली के बीच सपाट खुले बाजार, 65,500 के नीचे सेंसेक्स

**मुंबई।** भारतीय बाजार की शुरुआत आज सपाट हुई है। सेंसेक्स 41.48 अंक यानी 0.06 फीसदी की गिरावट के साथ 65,497.94 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। जबकि निफ्टी 21.00 अंक यानी 0.11 फीसदी की गिरावट के साथ 19,444 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

प्री-ओपनिंग में बाजार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई। सेंसेक्स 63.57 अंक यानी 0.10 फीसदी की गिरावट के साथ 65,475.85 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। जबकि निफ्टी 9.05 अंक यानी 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ 19457.10 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

यूएस फेड द्वारा गुरुवार को एफओएमसी मिनट्स जारी करने के बाद एक बार फिर से ब्याज दर में इजाफा होने की संभावना बढ़ गई है, जिसका असर भारतीय शेयर बाजार में भी देखने को मिल सकता है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि घरेलू बाजार की कमजोर शुरुआत हो सकती है।

आज सुबह 8 बजे करीब, गिफ्ट निफ्टी लाल निशान में खुलकर 19,394 के स्तर पर कारोबार करता दिख रहा है।

अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के आंकड़े के कारण यूएस बाजार में भी गिरावट का सिलसिला देखने को मिला। डॉव जोन्स 0.52 प्रतिशत गिरा, जबकि एसएंडपी 500 0.76 प्रतिशत गिरा। नैस्डैक 1.15 प्रतिशत टूट गया।

एशियाई बाजार में भी गिरावट दर्ज हुई है। हैंग सेंग 2 प्रतिशत गिरा, निक्केई, स्ट्रेट टाइम्स, एसएंडपी/एएसएक्स 200 और कोस्पी सूचकांकों में 1 प्रतिशत की गिरावट आई। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार (16 अगस्त) को तेजी दर्ज की गई और बेहद उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का सेंसेक्स 137 अंक चढक़र 65,474 पर बंद हुआ। महंगाई संबंधी चिंताओं के बीच सेंसेक्स इंडेक्स में बड़ी हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी समेत ऑटो कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 137.50 अंक या 0.21 प्रतिशत चढक़र 65,539.42 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी 50 भी 30.45 अंक या 0.16 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 19,465 अंक पर बंद हुआ।

# सेहत पर भारी पड़ सकती है चाय की दीवानगी, शरीर में हो जाती है इस चीज की कमी! नींद पर पड़ता है असर



अगर आप भी चाय के दीवाने हैं, दिनभर में कई-कई कप चाय पी जाते हैं तो संभल जाएं. यह सेहत के लिए गंभीर रूप से खतरनाक हो सकता है. कुछ अध्ययन में बताया गया है कि अगर लिमिट में चाय पी जाए तो वह फायदेमंद हो सकती है लेकिन अगर ज्यादा चाय पी रहे हैं तो इसके कई नुकसान हो सकते हैं. ज्यादा चाय पीने से चिंता, नींद की समस्या और सिरदर्द जैसे समस्याएं हो सकती है. रिसर्च में पाया गया है कि चाय में कुछ ऐसे यौगिक पाए जाते हैं, जो शरीर से कुछ पोषक तत्वों के अवशोषित कर सकते हैं. इसमें से सबसे प्रमुख आयरन है. आइए जानते हैं ज्यादा चाय पीने से क्यों सावधान रहना चाहिए...

## शरीर से आयरन सोख सकती है चाय

शोध में पाया गया है कि चाय में टैनिन नाम का एक कंपाउंड पाया जाता है, जो कुछ चीजों में आयरन से बाइंड हो जाता है. यह पाचन तंत्र से आयरन अवशोषित कर उसे प्रभावित कर सकता है. जब शरीर में आयजन की कमी हो जाती है, तब एनीमिया का खतरा बढ़ जाता है. इसकी वजह से थकान और कमजोरी जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं. इसलिए जिन लोगों में पहले से ही आयरन की कमी है, उन्हें चाय कम पीनी चाहिए.

## नींद को प्रभावित कर सकती है चाय

चाय में कैफीन पाया जाता है, जिसकी ज्यादा मात्रा शरीर में पहुंचने से नींद की समस्या हो सकती है. शोध से पाया गया है कि कैफीन मेलाटोनिन उत्पादन पर ब्रेक लगा सकता है. इससे नींद खराब हो सकती है. मेलाटोनिन हार्मोन मस्तिष्क को संकेत देता है कि अब सोने का समय हो गया है. जब नींद नहीं पूरी होती, तब मानसिक और शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं.

## दिल में जलन की समस्या

चाय में मौजूद कैफीन शरीर में पहुंचने पर हार्ट बर्न जैसी समस्याएं पैदा कर सकता है. शोध के मुताबिक, कैफीन की वजह से पेट में एसिड का उत्पादन बढ़ सकता है. इससे एसिड रिफलक्स और हार्ट बर्न की परेशानी हो सकती है. शोध में यह भी पाया गया है, जिन लोगों में पहले से ही ये दोनों समस्याएं हैं, ज्यादा कैफीन के सेवन से उनमें और भी समस्याएं हो सकती हैं.

## प्रेग्नेंसी में ज्यादा चाय खतरनाक

अगर कोई महिला प्रेग्नेंट है तो उसे ज्यादा चाय पीने से परहेज करना चाहिए. इसकी वजह से गर्भपात ही नहीं जन्म के समय बच्चे को वजन में कमी की समस्या हो सकती है. गर्भावस्था में कैफीन से क्या नुकसान हो सकते हैं, इसका अभी तक स्पष्ट डेटा नहीं है. हालांकि, यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह कितना सुरक्षित है. हालांकि, ज्यादातर रिसर्च में पाया गया है कि हर दिन 200-300 मिलीग्राम से कम ही कैफिन का सेवन करना चाहिए.

# पायलट बने ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण, फाइटर का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज



दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन साथ में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं. दोनों को साथ में देखने के लिए फैंस कबसे इंतजार कर रहे थे. अब ये इंतजार खत्म होने जा रहा है. दीपिका और ऋतिक साथ में फिल्म फाइटर में नजर आने वाले हैं. आज इस फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है. जिसमें ऋतिक, दीपिका और अनिल तीनों इंडियन एयरफोर्स ऑफिसर के लुक में नजर आ रहे हैं. दीपिका ने सोशल मीडिया पर मोशन पोस्टर शेयर किया है.

सस्पेंस और उत्साह के बढ़ने के साथ, भारतीय सिनेमाघर अपने आप को फाइटर के रिलीज के लिए तैयार कर रहे हैं, बता दें कि यह एरियल एक्शन के क्षेत्र में देश का पहला प्रयास है. ऐसे में स्वतंत्रता दिवस के साथ, फाइटर के पहले मोशन पोस्टर से पर्दा उठाते हुए अपने पंख फैला दिए हैं, जिसका टाइटल स्पिरिट ऑफ फाइटर है.

# शब्द सामर्थ्य- 158

**बाएं से दाएं :**
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 157 का हल



# सू-दोकू- 158



नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र... सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.157 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष:*** पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। लक्ष्य प्राप्ति के लिए किए गए प्रयास में परिवारवालों का सहयोग मिलेगा।

***वृष:*** आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा, रोज की अपेक्षा अधिक लाभ होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं, बेहतर होगा किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें।

***मिथुन:*** आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आपका मन नए कार्यों को सीखने में लगेगा। आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बने हुए हैं। अपने कार्यों को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें।

***कर्क:*** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाएं आज घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगी।

***सिंह:*** आज का दिन अच्छा रहेगा। जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें।

***कन्या:*** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आपका मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा। आप छोटी-छोटी चीज़ों में खुशियां ढूंढने में सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से काफी मजबूत होगी।

***तुला:*** आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आपका मन नए कार्यों को सीखने के लिए उत्साहित रहेगा। आप अपने बनाए प्लान में थोड़ा बहुत बदलाव करेंगे, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। अचानक धन लाभ का योग बन रहा है।

***धनु:*** आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। लोगों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

***मकर:*** आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आज आपका दिन अच्छा रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आपकी बात किसी बचपन के दोस्त से हो सकती है।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहेगा। जिस भी कार्य को शुरू करेंगे उसमें आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। संतान के करियर को लेकर आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे।